an>

Titel: Need to undertake repair and maintenance of National Highway Nos. 75 and 7 in Madhya Pradesh.

श्री गणेश सिंह (सतना) : महोदय, मैं आपके माध्यम से भारत सरकार के सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय का ध्यान राष्ट्रीय राजमार्ग क्रमांक 75 जो झांसी से छतरपुर, पन्ना, सतना, सीधी, सिंगरौली होकर हाथीनाले तक तथा दूसरा राष्ट्रीय राजमार्ग क्रमांक 7 जो जबलपुर से कटनी, सतना, रीवा बनारस होकर रांची तक जाता है, इन दोनों सड़कों की हालत बहुत खराब है। शायद इन दोनों राष्ट्रीय राजमार्गों को 4 लेन बनाने का निर्णय सरकार ने ले लिया है, किन्तु इन दोनों सड़कों में कुछ जगह तो थोड़ा सा काम होते दिखाई दे रहा है लेकिन कार्य की गति अत्यंत धीमी है। ये दोनों सड़कें मेरे लोक सभा क्षेत्र से निकलती हैं। अभी हाल ही में दिनांक 12 दिसम्बर से 16 दिसम्बर के बीच में सतना, सिंगरौली से बनारस इन दोनों राष्ट्रीय राजमार्गों से होकर निकला तो सड़कों की हालत देखकर अत्यंत कष्ट हुआ। जगह-जगह गड्ढों में फंसी गाड़ियां तथा कई किलोमीटर तक जाम में फंसी गाड़ियां देखी गई। चुरहट से सिंगरौली के बीच की 150 किलोमीटर की दूरी पूरी करने में 8 घण्टे से ज्यादा समय लगता है। इसी तरह सिंगरौली से बनारस जो 200 किलोमीटर है, 8 से 10 घण्टे लगते हैं। पूरा क्षेत्र जो मध्य प्रदेश, उत्तर प्रदेश, झारखण्ड तथा बिहार राज्यों की सीमा में हैं, करोड़ों की आबादी है जो इस कष्ट को सहने के लिए मजबूर है।

अतः आपके माध्यम से भारत सरकार के सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री श्री नितिन गडकरी जी जो बहुत ही सक्रियता के साथ राष्ट्रीय राजमार्ग सुधारने का कार्य कर रहे हैं, उनसे आग्रह है कि इन दोनों राष्ट्रीय राजमार्गों में शुरू होने के स्थान से लेकर अन्तिम स्थान तक देखने लिए एक केन्द्रीय दल को भेजकर अध्ययन करायें तथा तत्काल इन सड़कों के निर्माण की गति बढ़ाकर समय सीमा तय करें।

HON. DEPUTY SPEAKER: Shri Sumedhanand Saraswati – Not present